**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जीसीएफ जबलपुर (म.प्र.)**

**पर्यावरण अनुकूल वातावरण ( Eco Friendly Environment) हेतु अभिभावकों से अनुरोध**

(KVS HQ LETTER NO.11350/2025-26/KVS(HQs)/Acad/ Date:29/03/2025 & KVS RO JABALPUR LETTER NO. 22350/KVS/RO(JBP)/2025-26/ACAD./574-623/Date:02/04/2025 के अनुपालनार्थ)

प्रिय अभिभावकगण

नमस्कार

कुछ ऐसी वस्तुएँ हैं जिनका हम जाने या अनजाने में इस्तेमाल करते हैं लेकिन वह वस्तुएँ हमारे वातावरण या पर्यावरण के अनुकूल नहीं होतीं और वे हमारे वातावरण को नुकसान पहुँचाती हैं। ऐसी वस्तुएँ हमारी आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए हानिकारक सिद्ध होंगी ।

उन्हीं में से एक वस्तु है: प्लास्टिक । केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा एक पत्र के माध्यम से हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से प्लास्टिक की वस्तुओं का इस्तेमाल न करने हेतु अनुरोध किया गया है । केन्द्रीय विद्यालय संगठन का मानना है कि केन्द्रीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे घर, परिवार, समाज, देश एवं संपूर्ण विश्व में एक सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। वर्तमान में देश के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों में लगभग एक लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । इस अनुरोध के माध्यम से यदि एक लाख घरों में प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद हो जाता है तो हमारे वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने में यह उनका बहुत बड़ा योगदान होगा ।

प्रिय अभिभावकगण , आपसे केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा सुझावित निम्नांकित अनुरोध इस आशय के साथ कर रहे हैं कि आप प्लास्टिक की वस्तुओं का इस्तेमाल न करते हुए पर्यावरण को दूषित होने से बचाने में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करेंगे:

1. विद्यार्थियों को पानी हेतु प्लास्टिक की बॉटल प्रदान न करें और न ही घर में प्रयोग करें।
2. विद्यार्थियों को प्लास्टिक के लंच बॉक्स में भोजन प्रदान न करें ।
3. पुस्तक या नोटबुंक पर प्लास्टिक कवर न चढ़ाएं ।
4. विद्यार्थियों को प्लास्टिक का कंपासबॉक्स या ज्योमैट्रीबॉक्स प्रदान न करें ।
5. विद्यार्थियों को प्लास्टिक बैग प्रदान न करें ।
6. विद्यार्थियों को रिफिल पेन प्रदान करें । प्लास्टिक के पेन (जोकि इस्तेमाल के बाद पुनः प्रयोग नहीं किए जा सकें) प्रदान न करें ।
7. विद्यार्थियों को प्लास्टिक के डिब्बे इत्यादि प्रयोग हेतु प्रदान न करें ।
8. विद्यार्थियों को विद्यालय में जमा करने हेतु प्रैक्टिकल इत्यादि के प्लास्टिक फोल्डर प्रदान न करें ।
9. प्लास्टिक की कोई भी वस्तु विद्यार्थियों को इस्तेमाल करने से रोकें ।
10. विद्यार्थियों को पर्यावरण के संभावित खतरों से आगाह करते हुए पर्यावरण को बचाने हेतु प्रेरित करें ।

आशा है कि हम सभी पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की मुहिम में एक दूसरे का साथ देंगे और हम सभी मिलकर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएँगे ।

इसी उम्मीद के साथ सभी का धन्यवाद ।

**भवदीय** आदेश/ 04/04/2025

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जीसीएफ जबलपुर (म.प्र.)**

प्राचार्य / PRINCIPAL
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 / PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA
जी.सी.एफ इस्टेट / GCF Estate
जबलपुर / Jabalpur (M.P.)